आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.11.2025/संजय/1100 बजे

प्रादेशिक समाचार

बाल दिवस

आज बाल दिवस है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर हर वर्ष देश भर में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाता है क्योंकि पंडित नेहरू को बच्चों से गहरा स्नेह था और उनका मानना था कि आज के बच्चे कल के भारत के निर्माता हैं। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश महिला एवं बाल विकास निदेशालय द्वारा शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट कल्चरल मीट–2025 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। वहीं शिमला के टूटीकंडी स्थित बाल आश्रम में आज से 16 नवम्बर तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में चम्बा जिला के बाल देखभाल संस्थान पांगी, किलाड़ के 18 बच्चे भाग ले रहे हैं। वे इस दौरान विभिन्न विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे। जबकि जनजातीय जिला किन्नौर के रिकांगपिओ में होने वाले जिला स्तरीय बाल मेला समारोह में जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से देश के प्रथम प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

लवी मेला

चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का आज अंतिम दिन है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस मेले के समापन अवसर पर शिरकत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। लवी मेला आधिकारिक रूप से आज समाप्त हो रहा है, हालांकि मेले में करीब एक माह तक व्यापारिक गतिविधियां चलती रहेंगी। लवी मेले में हर साल अरबों रुपए का कारोबार होता है। वहीं इस बार लवी मेले में महंगाई और ऑनलाइन शॉपिंग के चलते व्यापारियों में थोड़ी मायूसी है।

स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निरन्तर प्रयास कर रहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने आज सोलन स्थित कथेड में बन रहे मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता बनाये रखने के साथ निर्माण कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यहां पर आधुनिक सुविधाओं के साथ साथ हेलीपैड की सुविधा भी होगी ताकि गंभीर हालत में मरीज को एयर लिफ्ट किया जा सके।

दिल्ली व्यापार मेला

44वां अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो रहा है। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद मेले का उद्‌घाटन करेंगे। मेले में शुरू के पांच दिन व्यापारी वर्ग के लिए होंगे, आम लोगों के लिए मेला 19 तारीख से खुलेगा। इस वर्ष मेले की थीम है .एक भारत श्रेष्ठ भारत। चौदह दिन तक चलने वाले इस मेले में देश के सभी राज्यों सहित 60 से अधिक मंत्रालय शामिल होंगे। चीन, ईरान, दक्षिण कोरिया, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात सहित 12 देश भी मेले में भाग ले रहे हैं।

सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आकांक्षी जिला चंबा की ग्राम पंचायत हरिपुर में 200 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत के इस प्लांट के बनने से इलाके के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस प्लांट के लिए सभी आवश्यक विभागीय औपचारिकताएँ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

*प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चम्बा जिला की हरिपुर पंचायत में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होने के पश्चात ग्राम पंचायत को प्रति वर्ष लगभग 10 से 11 लाख रुपये की आय प्राप्त होगी जिससे पंचायत आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगी। इसके तहत हरिपुर पंचायत के प्रत्येक पांच वार्डों में 10 सौर स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जाएंगी। इसके अतिरिक्तए पंचायत घर एवं चार शिक्षण संस्थान भी इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को इस सम्बन्ध में जल्द आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।*

<u>सम्मेलन</u>

चम्बा जिला में आयोजित 19वां राष्ट्रीय इलैक्ट्रो होम्योपैथी  सम्मेलन संपन्न हो गया। इसमें देश के विभिन्न 19 राज्यों के करीब 300 चिकित्सकों ने भाग लिया। पांच दिनों तक आयोजित इस सम्मेलन में उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सकों एवं छात्रों ने अपने अनुभव और विचार साझा करते हुए बताया कि यह दवाएँ हर प्रकार से सुरक्षित और प्रभावी हैं। राष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से पहुंचे चिकित्सकों ने कहा कि इस सम्मेलन में महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान प्रदान किया गया जो भविष्य में लाभकारी साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा पद्धति प्राकृतिक वनस्पतियों पर आधारित है जो स्वास्थ्य और पर्यावरण के अनुकूल है। इससे कई असाध्य रोगों का उपचार किया जा रहा है।

## महिला सम्मेलन

जनजातीय जिला किन्नौर में महिलाओं को पैतृक संपत्ति के अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज रिकांगपिओ में महिला नेताओं का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता रत्न मंजरी नेगी की पहल पर किया जा रहा है।